प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकार राज्य की नदियों और जलाशयों के किनारे नई हैचरी और कोल्ड स्टोर स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कल मत्स्य पालन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग को मत्स्य उत्पादन की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को प्रदेश भर में नए कोल्ड स्टोर स्थापित करने के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने को कहा। वित्त वर्ष 2024–25 में 19 हजार 19 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया, जबकि इस वर्ष अक्तूबर माह तक 7 हजार 7 सौ 73 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ट्राउट मछली उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और राज्य सरकार ट्राउट मछली पालकों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक कॉर्पस फंड स्थापित करेगी।

पर्यटन निगम–ट्रैवलर सेवा

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पहली बार रोहतांग दर्रे को कोकसर और अटल टनल मार्ग से सैलानियों को घुमाने के लिए ट्रैवलर सेवा शुरू की है। इस नई सेवा के माध्यम से रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों को बर्फ में अठखेलियां करने के लिए लगभग दो घंटे का समय दिया जाएगा। दोनों ट्रैवलर सुबह 10 बजे मनाली से रवाना होंगी और शाम लगभग 5 से 6 बजे तक मनाली वापस लौटेंगी।

विस्तृत ब्यौरा हमारे कुल्लू जिला संवाददता से

प्रकाश परब

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश गुरु परब आज देश और विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। राज्यपाल ने कहा कि गुरु पर्व सिखों का सबसे पवित्र त्योहार है। उन्होंने कहा कि हमें समृद्ध और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए गुरू नानक देव जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने विश्व बंधुत्व के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेम, शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा का उपदेश दिया।

विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी

*गुरूनानक देव जी का जन्म 14 सौ उन्हत्तर में पंजाब के तलवंडी में हुआ था। ये स्थान अब पाकिस्तान में है। श्री गुरु नानक देव जी एक महान आध्याात्मिक गुरू थे। गुरुनानक देव जी ने अपना जीवन लोगों को एक ईश्वर और एक ईमानदार, दयालु तथा मददगार जीवन जीने के महत्व के बारे में सिखाने के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर प्रदेशभर में गुरूद्वारों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित*

*किए जा रहे हैं। जिनमें भजन, कीर्तन, अरदास और लंगर शामिल हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी गुरूद्वारों में सुबह के समय गुरू ग्रंथ साहिब पाठ का आयोजन किया ज रहा है।*
*प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं गोदावरी वर्मा*

भाजपा कार्यशाला

प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज से सोलन जिला के बद्दी में किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंटन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूत के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

जनहित याचिका

प्रदेश में पंचायत चुनाव में देरी का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। उच्च न्यायालय के दो अधिवक्ताओं ने मंगलवार को एक जनहित याचिका दायर कर दी है। इसमें, अनिश्चितकाल तक डिजास्टर ग्राउंड पर चुनाव टालने की सरकार की मंशा को चुनौती दी गई है। मुख्य सचिव ने बीते 8 अक्तूबर को आपदा अधिनियम का हवाला देते हुए आपदा से हालात सामान्य होने के बाद पंचायत चुनाव कराने की बात कही है जिससे पंचायत चुनाव आगे टालने का अंदेशा है। इसे देखते हुए इन अधिवक्ताओं ने याचिका दायर की है।

————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————